प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 13.08.2025

राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह–2025 का मुख्य समारोह जोधपुर शहर के बरकत्तुला खॉ स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान जोधपुर शहरवासियों की सुविधा को मध्यनजर रखते हुए उक्त समारोह में शामिल होने वाले बच्चों एवं अभिभावकों एवं आम नागरिकों के आयोजन स्थल पर पहुचने के लिए यातायात शाखा जोधपुर द्वारा निम्नानुसार आवागमन एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई। समस्त शहर वासियों से अपील की जाती है कि दिनांक 15.08.2025 को प्रातः 06:00 बजे से लेकर समारोह के समापन पश्चात तक वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने हेतु आने वालों के वाहनों को निम्नलिखित निर्धारित रूट से होकर निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क कर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में सहयोग प्रदान करें।

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने वालों के लिए

1. डीएलओ, प्राईज विनर एवं मीडियाकर्मियों के वाहनो का प्रवेश रावण का चबूतरा का गेट न. 01 व 02 से निर्धारित किया गया है। डीएलओ, प्राईज विनर एवं मीडियाकर्मियों के वाहन रावण का चबुतरा गेट नं. 01 के अन्दर पानी की टंकी के पास निर्धारित पार्किंग में अपने वाहन पार्क कर बरकत्तुला खॉ स्टेडियम गेट नम्बर 09 से समारोह स्थल में प्रवेश करेगें।
2. रावण का चबूतरा का गेट न. 03 व 04 से आम जनता के दुपहिया/चारपहिया वाहनों का प्रवेश निर्धारित किया गया है। आमजन अपने दुपहिया वाहन सुलभ कॉम्पलेक्स के पीछे व रावण के चबुतरा गेट नम्बर 04 के अन्दर निर्धारित स्थान पर चारपहिया वाहन पार्क कर बरकत्तुला खॉ स्टेडियम गेट नम्बर 08 से समारोह स्थल में प्रवेश करेगें। कार्यक्रम समापन के पश्चात वाहन निकासी के लिए दोनों गेट आमजन के लिए खुले रहेगें।
3. रावण का चबूतरा का गेट न. 05, 06 व 08 से कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले विधार्थियों की बसें प्रवेश करेंगी तथा इनकी पार्किंग की व्यवस्था अन्दर की गई है। बसों से उतरकर समस्त विद्यार्थी बरकत्तुला खॉ स्टेडियम गेट नम्बर 06 व 07 से स्टेडियम में प्रवेश करेगें। कार्यक्रम समापन के पश्चात बसों की निकासी व्यवस्था रावण का चबूतरा का गेट न. 05, 06 व 08 से ही होगी।
4. बरकत्तुला खॉ स्टेडियम गेट नम्बर 04 (पाल रोड़) से कार्यक्रम में भाग लेने वाले (परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम) प्रतिभागियों को गेट के सामने उतारकर निर्धारित पार्किंग स्थल दल्ले खां चक्की के पास खाली पड़ी जमीन पर वाहनों की पार्किंग करेगें तथा कार्यक्रम समापन के पश्चात बसों का रूट दल्ले खॉ चक्की से यू टर्न कर बरकत्तुला खॉ स्टेडियम गेट नं. 04 के सामने से प्रतिभागियों को बैठाकर अपने गन्तव्य को रवाना होंगे।
5. कॉक्स कुटीर मोड़ से बरकत्तुला खॉ स्टेडियम गेट नम्बर 01 तक, बाल विघा मन्दिर स्कूल मोड़ से स्टेडियम गेट नं. 11 से महावीर सर्किल तक आम यातायात का आवागमन पूर्णतया निषेध रहेगा।
6. रावण का चबुतरा मैदान व दल्लेखॉ चक्की पर निर्धारित किये गये पार्किंग स्थल पूर्णतया भर जाने पर अस्थाई रूप से वाहनों की पार्किंग 12वीं रोड़ चौराहा से बोम्बे मोटर चौराहा के मध्य सड़क के दोनों तरफ, 12वीं रोड़ चौराहा से जलजोग चौराहा जाने वाली सड़क के किनारे तथा श्रीराम अस्पताल के सामने हनुवन्त स्कूल से शास्त्री सर्किल जाने वाली सड़क के दोनों तरफ सड़क सीमा को छोड़कर बसों व कारों की पार्किंग करवाई जायेगी।
7. राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह में शामिल होने वाले आम नागरिकों से अपील है कि प्रातः– 08.00 बजे से पहले पहुॅचकर अपने निर्धारित स्थान ग्रहण करेगें।

आमजन के लिए यातायात डायवर्जन की सूचना

1. राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह–2025 के दौरान जलजोग चौराहा से 12वीं रोड, 12वीं रोड़ से दल्ले खॉ की चक्की तथा दल्ले खॉ की चक्की से श्रीराम एक्सीलेन्सी चौराहा के बीच काफी भीड़–भाड़ रहेगी। अतः समारोह में सम्मिलित होने वालों के अलावा समस्त आमजन से अपील है कि दिनांक 15.08.2025 को यथासंभव वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें। उक्त मार्ग पर कहीं भी वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी।

2. आमजन के वाहन तथा नगरीय परिवहन सेवा के वाहन शास्त्रीनगर थाना मोड़ से चीरघर चौराहा, आखलिया चौराहा से बोम्बे मोटर से 5वीं रोड़, शनिश्चरजी का थान, जालोरीगेट, रेल्वे स्टेशन, नई सड़क से पावटा चौराहा की तरफ आ–जा सकेंगे।
3. पाल रोड़ से आने वाले यातायात मिल्कमैन कॉलोनी से काजरी रोड़, आई.टी.आई., न्यू पावर हाउस रोड़ से रॉटरी चौराहा होते हुए रेल्वे स्टेशन की तरफ आ–जा सकेंगे।
4. बाड़मेर व पाली रूट पर संचालित होने वाली रोड़वेज बसें पावटा चौराहा से ताराचन्द सर्किल, खासबाग चौराहा, भाटी चौराहा, रातानाडा सब्जी मण्डी, पीडब्ल्यूडी चौराहा, रिक्तिया भैरूजी चौराहा, अमृतादेवी पार्क, एम्स रोड़, नहर चौराहा से डीपीएस चौराहा की तरफ आ–जा सकेगी।
5. जैसलमेर रूट पर संचालित होने वाली रोड़वेज बसें पावटा चौराहा से नई सड़क चौराहा, जालोरीगेट चौराहा, 5वीं रोड़ चौराहा, बोम्बे मोटर, आखलिया चौराहा से चीरघर से तिलवाड़िया फांटा की तरफ आ–जा सकेगी।
6. जयपुर, बीकानेर, नागौर, फलौदी से आने वाली संविदा परमिट बसें (स्लीपर बसें) पावटा चौराहा से नई सड़क चौराहा, जालोरीगेट चौराहा, 5वीं रोड़ चौराहा, बोम्बे मोटर, आखलिया चौराहा से चीरघर से तिलवाड़िया फांटा की तरफ आ–जा सकेगी।
7. बाड़मेर व पाली रूट से आने वाली संविदा परमिट बसें (स्लीपर बसें) डीपीएस चौराहा से नहर चौराहा, एम्स रोड़, अमृतादेवी पार्क, रिक्तिया भैरूजी चौराहा, पीडब्ल्यूडी चौराहा, रातानाडा सब्जीमण्डी, भाटी चौराहा, खासबाग, ताराचन्द सर्किल से पावटा चौराहा की तरफ आ–जा सकेंगी।
8. शहर व सरदारपुरा क्षेत्र से शास्त्रीनगर की तरफ जाने वाला यातायात मेहता भवन, नेहरूपार्क, रॉटरी चौराहा, 7 सेक्टर होते हुए शास्त्रीनगर क्षेत्र में आ जा सकेंगे। रॉटरी चौराहा से मेडिकल चौराहा की तरफ बड़े वाहनों, सिटीबसों, लोक परिवहन वाहनों व निजी बसों का आवागमन निषेध रहेगा।
9. आखलिया चौराहा व चौपासनी क्षेत्र से आकर शास्त्रीनगर की तरफ जाने वाला यातायात चीरघर से शास्त्रीनगर थाना, काजरी रोड़, आईटीआई होते हुए शास्त्रीनगर की तरफ आ जा सकेगा।
10. शहर से पाल रोड़ व पाल रोड़ से शहर की तरफ जाने वाला आम यातायात 5वीं रोड़ से बोम्बे मोटर, आखलिया चौराहा, चीरघर, शास्त्रीनगर थाना मोड़ से आ–जा सकेंगे।
11. पाल रोड़ व आखलिया चौराहा की तरफ चलने वाली सिटीबसों को शनिश्चरजी का थान से डाईवर्ट किया जायेगा। उक्त वाहनों का आवागमन शनिश्चरजी के थान से 5वीं रोड़, बोम्बे मोटर, आखलिया चौराहा, की तरफ डाईवर्ट किया जायेगा।
12. बीआरटीएस बसों का संचालन पावटा चौराहा से ताराचन्द सर्किल, खासबाग, भाटिया चौराहा से रातानाडा सब्जीमण्डी, पीडब्ल्यूडी, भैरूजी चौराहा, पीली टंकी, अमृतादेवी पार्क होते हुए नहर मोड़ की तरफ रहेगा।
13. सेना के भारी वाहन को रोड़वेज बसों के समानान्तर रूट पर ही संचालित किये जायेंगे।
14. आपात कालीन सेवाओं में लगे वाहन ऐम्बूलेन्स, अग्निशमन के लिए सभी रास्ते खुले रहेगें।

ओर से
पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय एवं यातायात,
जोधपुर